इंतजार — अन्य किसान तो आसमान की ओर ही निहार रहे

# मक्का की बोनी में जुटे किसान, लेकिन बारिश का इंतजार



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** खेतों से गर्मी मौसम की मूंग कटते ही अब युद्ध स्तर पर मक्का फसल की बुवाई के लिए किसान सक्रिय हो गए हैं। लेकिन मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। किसानों का कहना है कि बरसात काफी लेट होती चली जा रही है। जिन किसानों के पास स्वयं का पानी का साधन है उनके द्वारा तो मक्का फसल की बोनी कर दी गई है लेकिन अन्य किसान तो आसमान की ओर ही निहार रहे हैं।पिछले साल धान फसल में उचित दाम ना मिल पाने के कारण किसान इस बार मक्का फसल में अधिक ध्यान दे रहा है।इस फसल में ना ज्यादा दवाईयां और ना ही ज्यादा समस्या प्रति एकड़ उपज भी अच्छी खासी निकल आती है। विभिन्न प्रकार की बीजों की किस्में भी आ गई है।जो जल्दी कम समय में पककर तैयार हो जाती है।खर्चा काटकर एवरेज लगभग वही बैठ जाता है। चूंकि धान में केमिकलों का छिड़काव किये बिना काम चल नहीं पाता है और अधिक केमिकलों के कारण धान और मूंग फसल बेचने में ना नुकुर के चलते इस फसल पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। रेट भी सही नहीं मिल पा रहें हैं।चूंकि मिट्टी के ऊपर इस फसल का उत्पादन हुआ करता है। लेकिन मक्के की फसल में ज्यादा खर्चा नहीं आता है।केवल जंगली सुअरों और पक्षियों से इस फसल को बचाना पड़ता है । विशेष तौर पर जंगली क्षेत्रों में ज्यादा सुरक्षा की जरूरत होती है। और इन्हीं क्षेत्रों में ही सर्वाधिक बुबाई होती है। बुबाई के लिए अभी 10 जुलाई तक का समय है। बरसात जारी रहने के कारण फिर बोनी नहीं हो पाती है। उधर कुछ खेतों में धान के रोपा लगाने के काम साथ-साथ चल रहे हैं। विगत वर्ष अचानक बारिश शुरू हो जाने के कारण धान की रोपाई 40 प्रतिशत से भी ज्यादा रोपाई नहीं हो सकी थी । विशेष रूप से बासमती धान के अलावा अन्य प्रजातियों की धान के रोपा लगाये जा रहे हैं।

**अधिक मूल्य से किसानों का मोह भंग**

धान के साथ साथ सोयाबीन और अरहर फसल भी लगाई जा रही है। लेकिन संपूर्ण क्षेत्र में 60 प्रतिशत में मक्का फसल है।किसानों का कहना है कि इस बार सोयाबीन बीज के ही रेट अधिक होने के कारण बहुत कम मात्रा में ही सोयाबीन लगाया जा रहा है। कहीं कहीं अरहर की भी बुबाई जारी है।

**मूंग का हुआ है जोरदार उत्पादन:** गत वर्ष की अपेक्षा किसानों की मूंग फसल अच्छी अच्छी में निकलने के साथ सुरक्षित घर पहुंच गई है।पिछली बार तो अचानक वारिस शुरू हो जाने के कारण बहुत से किसानों की मूंग फसल खराब हो गई थी।15 जून तक मूंग कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चलता रहा है।

## मुनि श्री 108 महासागर महाराज ससंघ का आगमन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** सोमवार को आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 महासागर जी महाराज ससंघ का सोमवार को भव्य आगमन हुआ। मुनि श्री बरमान डोभी सड़क मार्ग से सुबह-सुबह तेंदूखेड़ा पहुंचे जहां दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने जोरदार आगवानी की। जैन समाज में धार्मिक आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।जिनालय में श्री जी की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं अभिषेक संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में धर्म संयम अहिंसा आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि ही सदाचार का पालन है। मुनि श्री महासागर जी महाराज ससंघ के आगमन से समस्त जैन समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठजन महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## चेतना मध्य प्रदेश ग्रुप ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**नवभारत/ गाडरवारा।** 21 जून 2026 को चेतना मध्य प्रदेश ग्रुप द्वारा एक साहित्यिक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रुप ने गाडरवारा की वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी की प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम गौरवान्वित किया है। समारोह में खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक साधना स्थापक, वरिष्ठ लेखक एवं कवि कौशलेंद्र श्रीवास्तव सहित अनेक साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि साहित्य, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## नरसिंहपुर के आशीष गढ़वाल को सीसीआरटी जूनियर फेलोशिप

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के युवा रंगकर्मी आशीष गढ़वाल का चयन वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित सीसीआरटी जूनियर फेलोशिप के लिए हुआ है। उन्हें यह फेलोशिप थिएटर कला के क्षेत्र में प्रदान की गई है। आशीष गढ़वाल पिछले आठ वर्षों से रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय हैं और अभिनय, निर्देशन तथा नाट्य प्रशिक्षण के माध्यम से लगातार कार्य कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से जिले के कला एवं सांस्कृतिक जगत में हर्ष का माहौल है। स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक संस्थाओं ने आशीष को बधाई देते हुए इसे नरसिंहपुर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## करकबेल रेलवे स्टेशन पर युवक का शव मिला



**नवभारत/गोटेगांव।** समीपवर्ती करकबेल रेलवे स्टेशन पर एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। मृतक की पहचान गोटेगांव निवासी विक्रम सिंह कोरी (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले कुछ समय से लापता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक की जेब से मिली एक पर्ची के आधार पर उसकी पहचान हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी के पास इस संबंध में कोई जानकारी हो तो वे जांच में सहयोग करें।

## शांति समिति की बैठक आयोजित मोहर्रम पर्व को लेकर हुई चर्चा

**नवभारत/ गोटेगांव।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना गोटेगांव परिसर में एसडीओपी मनीष त्रिपाठी एवं नायब तहसीलदार राजीव नेमा के मार्गदर्शन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी द्वारा की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि और विभिन्न समाजों के सदस्य उपस्थित रहे। सभी से मोहर्रम के दौरान आपसी भाईचारा और समन्वय बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन ने त्योहार को परंपरागत तरीके से शांति और अनुशासन के साथ मनाने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी प्रदीप सराफ ने बताया कि ताजिया जुलूस के मार्ग, बिजली, पानी, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय किया जाएगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों पर ध्यान देने की बात कही गई। समिति के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि गोटेगांव की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। सभी समुदायों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में मोहर्रम पर्व को आपसी मेलजोल और शांति के साथ मनाने का संकल्प लिया गया।

## श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**नवभारत/ गोटेगांव** विगतदिवस नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। उपप्राचार्य संदीप जैन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगासन और प्राणायाम किए। इस अवसर पर स्टाफ ने बच्चों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। सभी को नियमित रूप से योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने योग को स्वस्थ जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति, सचिव बी.डी. सोनी, कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार, सहसचिव आनंद अग्रवाल, संस्था प्राचार्य शिवशंकर पाठक, एकाउंटेंट विष्णु दीक्षित, संदीप वर्मा, एनसीसी प्रभारी सुधीर राजपूत, पीटीआई उमाकांत राजपूत, राहुल नामदेव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### एक नजर में

## कृषि आधारित विषय की शिक्षा की जरूरत

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा क्षेत्र पूर्णत: कृषि पर आधारित क्षेत्र है। यहां का प्रत्येक वर्ग कृषि की पैदावार से ही अपनी जरुरतों की पूर्ति किया करते हैं। लेकिन सबसे बड़ी विसंगति यह बनीं हुई है कि यहां की शैक्षणिक संस्थाओं में कृषि आधारित विषय पढ़ने को नहीं मिलते। कृषकों का कहना है कि वर्तमान समय में खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में विभिन्न प्रकार की आधुनिक पद्धति से खेती कराई जा रही है। यदि कृषक परिवारों को कृषि से संबंधित शिक्षा स्कूलों में मिलेगी तो निश्चित ही युवा छात्र कृषि को आधुनिक पद्धति से खेती करके उन्नतशील कृषक बन सकते हैं लेकिन पिछले कई वर्षों से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस दिशा में मांग किए जाने के बाबजूद भी आज तक किसी भी प्रकार की कोई उचित पहल नहीं की गई। गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कहीं भी यह व्यवस्था नहीं है। और ना ही आस के स्कूलों में यह विषय पढ़ने को मिल पाते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के कृषकों ने एक बार फिर तेंदूखेड़ा के शासकीय बालक विद्यालय में कृषि आधारित विषय बढ़ाये जाने की मांग की है।

## कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में 23 जून को गोटेगांव में होगी जनसुनवाई

**नवभारत/ नरसिंहपुर** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार 23 जून 2026 को प्रात: 11ः00 बजे से कार्यालय जनपद पंचायत गोटेगांव में अनुभाग स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में भी साप्ताहिक जनसुनवाई पूर्ववत आयोजित की जाएगी, जिसमें नरसिंहपुर अनुभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती देवंती परते द्वारा दी गई है।

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति और जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 23 को

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग नरसिंहपुर सुश्री प्रांज ?ली मर्सकोले ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डीसीडब्ल्यूपीसी) और जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक 23 जून को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## जीवन रक्षक दवाएं हर डिस्पेंसरी में उपलब्ध रहेंगी


**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना सीजीएचएस की डिस्पेंसरी नम्बर 4 के प्रभारी अधिकारी डॉ आर पी रावत द्वारा आयोजित मासिक बैठक में जबलपुर के सीनियर सिटीजनों की विविध एसोसिएशनो के सलाहकार प्रतिनिधि मृगेन्द्र नारायण सिंह, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला, किशन लाल, एस बोस, सुरेंद्र तिवारी, नरेंद्र कोचर, राजेश सोनी, कंधी लाल विश्वकर्मा ने लाभार्थियों की स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की । बैठक में एम एन सिंह ने विशेष रूप से बताया गया कि अपर निदेशक डॉ ए के सुधांशु से मिले एक प्रतिनिधिमंडल ने जीवन रक्षक मेडिसन जैसे गम्भीर विषय को लेकर ऐसा आग्रह किया तभी अपनी सहमति देते हुए अपर निदेशक डॉ सुधांशु ने नगर की सभी सीजीएचएस डिस्पेंसरी में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने आश्वस्त किया ताकि मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में लाभार्थियों द्वारा दवाओं की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाओं के वितरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार संबंधी सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मेडिसन सप्लायर पंकज नवाठे की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक के समापन पर डिस्पेंसरी स्टाफ प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक की व्यवस्थाओं और सफल बनाने में डिस्पेंसरी स्टाफ मनोज कुमार, लव डांगी, अनिल शुक्ला, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनन्द कुमार, रवि दहायत, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो, सहित सभी का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## कार्मेल विद्यालय में योग शिविर का आयोजन



**नवभारत/ करेली।** विगत दिनांक 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में योग शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर खेल एवं योग शिक्षक अनिमेश शर्मा ने समस्त छात्र-छात्राओं को पद्मासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, प्राणायाम आदि विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास कराया। जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। प्राचार्य फादर केल्विन ने अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य को उत्तम बनाए रखने, शारीरिक एवं मानसिक क्रियाओं को नियंत्रित और संतुलित करने, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए योग को एक अमूल्य साधन बताया।

## बोछार के साप्ताहिक बाजार में यातायात व्यवस्था बदहाल



**नवभारत/गोटेगांव।** गोटेगांव तहसील के करकबेल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोछार में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। बाजार में आने वाले व्यापारियों और ग्रामीणों के वाहनों को खड़ा करने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से सड़क किनारे ही वाहन खड़े किए जाते हैं, जिसके कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार के दिन मुख्य मार्ग पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार आपातकालीन वाहनों के निकलने में भी कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजार में बढ़ती भीड़ के बावजूद यातायात नियंत्रण के लिए संबंधित जिम्मेदारों की कोई विशेष व्यवस्था नहीं रहती, जिससे अव्यवस्था और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार के दिन अस्थायी पार्किंग स्थल की व्यवस्था की जाए तथा यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाए, ताकि जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

## नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र में मनाया गया योग दिवस

**नवभारत, जबलपुर।** नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र, अवधपुरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग से नशा मुक्ति' कार्यक्रम हुआ। इसमें योगाचार्य ख्याली राम रघुवंशी ने योगासन की विभिन्न विधाएं सिखाते हुए बताया कि नियमित योग व मेडिटेशन से तनाव दूर होता है, व्यक्ति रोग मुक्त रहता है और नशा छोड़ने में मदद मिलती है। यहाँ उपस्थित सभी लोगों ने बताए गए योगासन व सूर्यनमस्कार किए और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगाचार्य ख्याली राम रघुवंशी, हेमंत सोलंकी, डॉ. सरकार, नीरज रजक, रश्मि सोलंकी, श्वेता मिश्रा, शिवानी जाटव, अशोक ठाकुर और संतोष बर्मन आदि उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की प्राचीन बावड़ी की साफ- सफाई




**नवभारत/नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में बावड़ी उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बावड़ी उत्सव के तहत ग्राम जगन्नापुर के समीप स्थित ग्राम चौकी में प्रसिद्ध प्राचीन बावड़ी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का कार्य सम्पन्न हुआ। इस कार्य नवांकुर संस्था श्री स्वामी साधना सेवा समिति बिल्थारी एवं भारद्वाज जन कल्याण समिति ईश्वरपुर के नेतृत्व में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चावरपाठा, चरगुआं एवं जगन्नाथपुर समिति तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि बावड़ी उत्सव के अंतर्गत उक्त बावड़ी में एक सप्ताह तक श्रमदान कर बावड़ी की साफ-सफाई, मरम्मत, रंगाई-पुताई एवं आकर्षक पेंटिंग का कार्य किया गया, जिससे इस ऐतिहासिक जल संरचना को नवीन स्वरूप प्रदान किया गया। उत्सव के दिन बावड़ी परिसर में जल चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। रंगोली के माध्यम से बावड़ी परिसर की आकर्षक सजावट की गई। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर बावड़ी

## प्रियांश पटेल बने एबीवीपी नरसिंहपुर के जिला संयोजक



**नवभारत/ गोटेगांव** बीते दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत का त्रि-दिवसीय %प्रांत अभ्यास वर्ग% रीवा में संपन्न हुआ। समापन सत्र में परिषद के राष्टीय अध्यक्ष रघुराज किशोर तिवारी जी की उपस्थिति में आगामी सत्र के लिए जिला स्तर के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। संगठन के प्रति निष्ठा और छात्र हितों में सक्रियता को देखते हुए गोटेगांव निवासी प्रियांश पटेल को नरसिंहपुर जिले का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। वहीं खमरिया निवासी श्रीति लोधी को जिला छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त जिला संयोजक प्रियांश पटेल, गोटेगांव निवासी श्री रामनारायण पटेल के सुपुत्र हैं। नवनियुक्त जिला छात्रा प्रमुख श्रीति लोधी, खमरिया निवासी श्री चंद्रभान लोधी की सुपुत्री हैं। दोनों कार्यकर्ता लंबे समय से विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राष्टीय अध्यक्ष जी की उपस्थिति में हुई घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने नवीन दायित्वधारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संगठन ने विश्वास जताया है कि नई टीम जिले में छात्र हित एवं रचनात्मक कार्यों को गति प्रदान करेगी।

## नरसिंहपुर पुलिस का मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन



**नवभारत/नरसिंहपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. ॠषिकेश मीना के निर्देशन में जिले में सक्रिय अपराधियों, वारंटियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिलेभर में रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त, नाकाबंदी, वारंट तामीली एवं सघन चेकिंग की कार्यवाही करते हुए अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसा गया। कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं अपराधियों में भय पैदा करने के उद्देश्य से चला अभियान = अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। मात्र 6 घंटे में पुलिस की बड़ी सफलता = विशेष कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने मात्र 6 घंटे में 31 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया तथा 80 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। इसके अतिरिक्त 86 व्यक्तियों को न्यायालयीन नोटिस तामील कराए गए। गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग = अभियान के दौरान 52 गुंडा बदमाश एवं 48 निगरानी बदमाशों सहित कुल 80 चिन्हित बदमाशों की सघन जांच की गई। वहीं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 68 संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। होटल, ढाबों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी = पुलिस टीमों द्वारा होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की सघन चेकिंग की गई।

## एनएसएस और एनसीसी छात्रों ने किया योगाभ्यास

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय के एन सी सी और एन एस एस के सभी विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर प्रबधक डॉ प्रकाश जैन प्राचार्य डॉ किरण प्रभा जैन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा एनसीसी अधिकारी कैप्टन रोमी मालवीय एन एस एस अधिकारी अरुणा जैन सदस्य चंद्रभूषण पाठक सुनीता बजाज संतोष पटेल संतोष लोधी एवं एनसीसी एनएसएस कि छात्र छात्राओं की सराहनीय उपस्थिति रही।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Main Road, kareli Phone: 07793-270046 Email: cmokareli@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 1387/ ई-टेण्डर/ 2026-27 — **निविदा सूचना** — करेली, दिनांक :- 19/06/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई .एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_500355_2 20.06.2026 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु किराये पर मशीनरी उपलब्ध कराने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 09 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 04/07/2026 |
| 2. | 2026_UAD_516028_1 20.06.2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये विद्युत सामग्री प्रदाय कार्य। | 09 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 04/07/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद करेली